


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 116 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 06 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## चार किलो अफीम बरामद, 1 आरोपी गिरफ्तार



**मल्हारगढ़, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने 4 किलो अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मुखबीर सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाही महू-नीमच हाईवे रोड़ पर स्थित बरखेडा पंथ ब्रिज के पास की।

थाना पुलिस ने बताया सउनि सूरज सिंह परमार को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई थी। इसी आधार पर थाना मल्हारगढ क्षेत्र अन्तर्गत महु नीमच हाईवे रोड बरखेडा पंथ ब्रीज के पास कार्यवाही कर हिरो शाइन क्रंमाक एमपी-43 डीएस -7469 को रोका और चालक मांगीलाल पिता लक्ष्मण कीर उम्र 50 साल निवासी धतुरिया थाना पिपलोदा जिला रतलाम के कब्जे से 04 किलो 20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जप्त कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध थाना मल्हारगढ पर अपराध धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है। अवैध अफीम के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही है।





# 10 वीं की हिंदी का पेपर आउट..?

## अधिकारियों ने नकारा, शुरु हुई एमपी बोर्ड परीक्षा

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विद्यार्थियों की सालभर की मेहनत की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल यानि एमपी बोर्ड की 10 वीं क्लास की परीक्षा शुरु हो गई है। सोमवार को 10 वीं बोर्ड का पहला पेपर हिंदी का था। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शुरु होने से पहले ही हिंदी का यह पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि एमपी बोर्ड के अधिकारी पेपर आउट होने की बात नकार रहे हैं।

एमपी बोर्ड की 10 वीं की परीक्षा सोमवार को शुरु हुई। 10वीं बोर्ड का पहला पेपर हिंदी का था। सुबह 9 बजे से शुरु होनेवाले पेपर के लिए परीक्षार्थियों को सुबह आठ बजे तक पहुंचना अनिवार्य किया गया था। पहले दिन जहां अधिकांश परीक्षार्थी समय से पूर्व ही पहुंच गए, वहीं कई लेट भी हुए। हिंदी का पेपर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक था। इधर इंदौर में परीक्षा के पहले ही 10 वीं क्लास का हिंदी का पेपर आउट होने की खबरें चली। यह खबरें मंदसौर तक भी पहुंच गई। कुछ ग्रुप में इसे पोस्ट किया गया और देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में सोशल मीडिया पर हिंदी का यह पेपर वायरल हो गया। इधर शिक्षा विभाग ने 10वीं क्लास के बोर्ड के हिंदी के पेपर आउट होने की बात को पूरी तरह खारिज कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने साफतौर पर कहा है कि हिंदी का पेपर आउट होने की बात पूरी तरह से गलत है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने तुरंत सफाई दी कि वायरल हुआ पेपर फेक है।

### दिए गए पेपर से निकला अलग...

स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार परीक्षार्थियों को बरगलाने के लिए ये हरकत की गई है। इस मामले की जांच भी की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार वायरल हुए पेपर और परीक्षार्थियों को दिए गए बोर्ड के हिंदी के पेपर बिलकुल अलग हैं। वायरल और वास्तविक पेपर के कोड भी अलग अलग हैं।

### हमले का राज खंगालने में जुटी पुलिस....

# बाबू सिंधी और शूटर के बीच संबंध की शंका

## बदमाश लाला पठानो पर भी शंका की सुई, फरार शूटरों की तलाश जारी

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच में समाज सेवी अशोक अरोरा गंगानगर पर फायरिंग की वजह और हमले की जांच में पुलिस जुटी हुई है। बाबू सिंधी और बदमाश लाला पठानो पर भी शंका की सुई जा रही है। बताया जा रहा है कि शक की सुई तस्कर बाबू सिंधी की ओर घूम रही है। बाबू सिंधी भी उज्जैन के भैरवगढ जेल में रह चुका है। कुछ दिनों से अंतरिम जमानत पर आया हुआ है, जो 17 फरवरी को समाप्त होगी। जवाबी फायरिंग में मारे गए शूटर बाबू फकीर और उसकी मुलाकात भेरवगढ जैल में हुई होगी। आशंका है कि वहीं पूरा षड्यंत्र रचा गया होगा।

इधर अशोक अरोरा प्राथमिक उपचार के बाद परिवार के साथ घर चले गए हैं। घायल सुरक्षाकर्मी अजय का नीमच के बड़े अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार को पुलिस ने एक बार फिर अरोरा से इस घटना को लेकर जानकारी ली। उनके करीबियों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं, मंदसौर के संदिग्ध तस्कर के घर के बाहर भी पुलिस ने निगरानी शुरू कर दी है। नीमच के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया ने बताया कि फरार आरोपी अभी पकडे नहीं गए हैं। तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। एसपी अमित तोलानी का कहना है कि घटना में एक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बाहर से हमला करने चार आरोपी आए थे। इनमें से एक की मौत हो गई। वहीं, तीन फरार हो गए। घटना में अशोक अरोरा और अजय घायल हुए हैं। कितने राउंड फायर हुए, इसकी जानकारी देना संभव नहीं है। राउंड एकत्र कर सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। घटना के पीछे के कारणों का पता लगा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### प्रतापगढ़ के पठानों के इशारे पर करता था काम...

सूत्रों की मानें तो देपालपुर निवासी बाबू फकीर प्रतापगढ के फिरोज, कय्यूम लाला, आजम लाला व लाला पठानो के इशारों पर हत्या करता था। मंदसौर एक्साइज में बाबू रहे अनिल त्रिवेदी हत्याकांड में मुख्य आरोपी था। अनिल एक्साइज की नौकरी के साथ हिस्सेदारी में डोडाचूरा का काम करने लगा था। बाद में वह पूरी तरह से डोडाचूरा के काम में उतर गया। पहले लाला पठान अनिल के साथ थे बाद में उसके और लाला पठान के बीच दुश्मनी बढ गई थी।

### पुताई का काम करता था शूटर बाबू...

करीब 8 साल पहले कय्यूम ने समझौते के लिए अनिल को प्रतापगढ बुलवाया था, साथ में भोजन भी किया था। लाला पठान ने इसी दौरान बाबू फकीर और अन्य शूटर को बुलाया। अनिल पर गोलियां चलवाई व कांच फोडक़र करीब 60 बार चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। बाबू फकीर पर पिपलिया मंडी के पास बालू बावरी, मंदसौर बीपीएल चौराहा पर ठन्ना हत्याकांड, आलोट में बस मालिक का गला काटकर हत्या करने सहित करीब 15 से 16 प्रकरण दर्ज थे। बाबू फकीर पहले पुताई का काम करता था। बाद में लालाओं के संपर्क में आया। तब से पैसे कमाने के लिए उनके इशारों पर हत्याएं करने् लगा। पठान उसे पैरोल व जमानत पर निकलवाते और हत्या करवाते। अभी भी बाबू फकीर जमानत पर था। वहीं, मंदसौर निवासी तस्कर का कारोबार नीमच में फैला था, उसका अशोक अरोरा के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा है।

### बाबू सिंधी ने उपलब्ध कराई थी क्रेटा कार...?

पुलिस सूत्रों की माने तो जिस क्रेटा कार का इस्तेमाल हमलावरों ने किया था, वह बाबू सिंधी के मुनीम किसी ऐरन के नाम है। वह इन दिनों जैल में बंद है। कुछ दिनों पहले बाबू ही ऐरन के पिता से यह कार मांग कर ले गया था। अब पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## मैदान में दौड़ते हुए गिरा 17 वर्षीय किशोर, मौत

**रतलाम, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के साइंस कॉलेज खेल मैदान में दौड़ते हुए एक 17 साल के किशोर की सोमवार सुबह मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मैदान में दौड़ते हुए करते हुए किशोर अचानक गिर गया था, जिसे दोस्त हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के आग्रह पर पीएम नहीं हो पाया। डॉक्टर इसे साइलेंट अटैक मानकर चल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से वह आर्मी की तैयारी के लिए दौड़ने जा रहा था।

रतलाम के बालाजी नगर में रहने वाले आशुतोष पिता राधेश्याम कुमावत पिछले 5 - 6 दिन से लगातार आर्टर्स एंड साइंस कॉलेज के खेल ग्राउंड पर रनिंग करने जा रहा था। प्रतिदिन की तरह सोमवार सुबह 5.30 बजे वह घर से अपने दोस्त निलेश निवासी संत रविदास चौक के साथ कॉलेज ग्राउंड पहुंचा। यहां रनिंग करते हुए वह अचेत होकर गिर पड़ा। दोस्त व अन्य लोग उसे लेकर सुबह 6 बजे बड़े अस्पताल पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. पियूष धवन ने स्वास्थ्य की जांच की। सीपीआर भी दिया। घटना के तुरंत बाद परिजनों को सूचना मिलने पर वह भी अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बेटे की मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सिविल सर्जन डॉ. एमएस सागर ने बताया सुबह 6 बजे के आसपास रनिंग करने के बाद चक्कर आने से किशोर गिरा था। जब हॉस्पिटल लेकर आए वह डेड अवस्था में था। सीपीआर भी दी गई थी। परिजन पीएम नहीं कराना चाहते थे। अभी लगातार 30 साल से कम उम्र के लोगों को अटैक आ रहा है।

# आरोप: डोडाचूरा प्रकरण में 33 लाख रुपए वसूले

## नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी कर रहे थे परेशान, युवक ने की आत्महत्या

### शव को रख 4 घंटे तक किया थाने का घेराव



**मंदसौर/ नाहरगढ़/ पिपलिया मंडी, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में केन्द्रीय नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर व किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने सोमवार को नाहरगढ़ थाने का घेराव कर दिया। थाने के सामने शव को रखकर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व प्रदर्शनकारियों के बीच काफी बहस भी हुई। करीब 4 घंटे तक चले धरने के बाद पुलिस अधिकारियों ने युवक को परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर धरना हटा।

जानकारी के अनुसार नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बाजखेड़ी के युवक कृष्णपाल सिंह पिता रुघनाथ सिंह राठौर ने सोमवार सुबह 5 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की आत्महत्या से परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों का आरोप है कि गरोठ केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो 'सीबीएन' के अधिकारी कृष्णपाल सिंह को परेशान कर रहे थे, इसी कारण उसने पेड़ पर फन्दा बनाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के बाद परिजनों, ग्रामीणों, समाजजनों ने विरोध करते हुए शव को पीएम कराने के बजाए नाहरगढ़ पुलिस थाने के सामने रख प्रदर्शन शुरु कर दिया। इसमें करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर व किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द भी शामिल रहे। शेरपुर व जोकचन्द दोपहर 12 बजे थाने के सामने शव को रखकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान नारेबाजी की, पुलिस अधिकारियों से बहस भी चलती रही। सूचना पर एएसपी गौतम सोलंकी सहित जिले के अन्य थानों के प्रभारी व पुलिस बल भी पहुंचा। अधिकारियों ने धरना हटाने की कहा, लेकिन विरोध कर रहे शेरपुर, जोकचन्द व परिजनों की मांग थी कि युवक को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले नारकोटिक्स अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। बाद में पुलिस अधिकारियों ने युवक को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में दोषी नारकोटिक्स अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर शाम 4 बजे धरना हटाया व शव को पीएम के लिए भिजवाया।

### ऑडियो, वीडियो भी सौंपी...

कृष्णपाल सिंह के परिजनों व मौजूद प्रदर्शनकारियों ने नारकोटिक्स विभाग द्वारा एनडीपीएस एक्ट का केस नही बनाने के एवज में मांगी गई रिश्वत की ऑडियो व वीडियो भी पुलिस अधिकारियों को बताई व परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करने की मांग की। अधिकारियों ने दोषी नारकोटिक्स अधिकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने का आश्वासन दिया, जब जाकर धरना समाप्त हुआ।

### 33 लाख रुपए देने के बाद भी बनाया जा रहा था दबाव...!

पुलिस थाने व अधिकारियों को की गई शिकायत में मृतक की पत्नी इंदुकुँवर, भाई जयपालसिंह, संजयसिंह, प्रेमसिंह ने बताया कि सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो मंदसौर ने कुछ माह पूर्व गाँव बाजखेड़ी में डोडाचूरा की सूचना पर दबिश दी थी। जिसमें नारकोटिक्स विभाग के संदीप फ़ोजदार, वीएसकुमार, आरएस नेगी, अमन फोगाट, विकास आदि शामिल थे। टीम ने केंसर पीड़ित नरेंद्रसिंह राठोर उर्फ रोडसिंह के घर पर दबिश दी। घर से महिला को जबरदस्ती थाने ले गए व दबाव डाला कि तुम्हारे पति व देवर को यहां बुलाओ। तभी तुम्हें छोड़ेंगे, नही तो तुम्हारा केस बना देंगे। महिला को छोड़ने व कृष्णपाल सिंह पर केस नही बनाने के एवज में नारकोटिक्स अधिकारियों ने 50 लाख रुपए की मांग की। जैसे-तैसे 3 बीघा जमीन बेचकर कृष्णपाल सिंह ने 23 लाख रुपए एकत्रित किए व नारकोटिक्स में पदस्थ संदीप फौजदार व विकास राणा को दिए।

### घर की रैकी करवा रहे थे नारकोटिक्स अधिकारी..

बाकी राशि 10 से 15 दिनों में देने की बात हुई तो विकास राणा ने धमकी दी कि अभी चालान डायरी बाकी है, बकाया राशि नही देने पर महिला पर भी केस बना देंगे व कृष्णपाल सिंह पर भी केस बना देंगे। रुपए नही देने पर एक माह बाद संदीप फोजदार ने फिर घर पर दविश दी, गालियां दी व महिला व बच्चों को डराया और 10 लाख रुपए और ले गए तथा घर पर रखी कार का फोटो ले गए और बोल गए कि इस गाडी का भी केस करेंगे। शिकायत में आगे बताया कि नारकोटिक्स के संदीप फौजदार व विकास द्वारा द्वारा आवरी निवासी गोविन्द पिता राजू गुर्जर व लाला पिता दशरथ कुमावत से मेरे घर की रैकी करवाई जा रही थी। और धमकी दी जा रही थी कि बाकी राशि नही पहुंचाई तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को सड़क पर ला देंगे। रुपए देने के बाद भी संदीप फोजदार व विकास राणा की धमकियों से परेशान होकर कृष्णपाल सिंह ने आत्महत्या की है।

### मर्ग कायम किया है, जांच के बाद होगी कार्रवाई...

एएसपी गौतम सोलंकी का कहना है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। परिजनों के बयान लिए जाएंगे, उसके बाद जो भी दोषी होगा कार्रवाई की जाएगी।

# घर में मिली नवविवाहिता की लाश

## परिजनों ने सुसराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**नीमच, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के हनुमान नगर में रविवार शाम को एक 24 वर्षीय नव विवाहिता मुस्कान पति सलीम मंसूरी की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी। जिसके शव का सोमवार को नीमच बड़े अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं नव विवाहिता की मौत पर परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।

दरअसल मृतिका मुस्कान की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व गांव पिपलिया बाग निवासी सलीम के साथ हुई थी। सलीम अपनी पत्नी मुस्कान के साथ बघाना के हनुमान नगर में रह रहा था। जहां पर मुस्कान की संदिग्ध परिस्थितियों मे लाश मिली। बताया जा रहा है कि मृतका के गले में दुपट्टे से फंदा लगा हुआ था और शव बेड पर पड़ा था। जिस पर मृतका के पिता ने पति और सुसराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। खास बात यह है कि मृतिका का पति सलीम पहले से ही शादीशुदा था। मुस्कान उसकी दूसरी पत्नी थी। परिजनों का आरोप है कि अक्सर सलीम की पहली पत्नी और मृतका मुस्कान के बीच विवाद होता रहता था। फिलहाल मृतका के पिता राशिद की शिकायत पर मर्ग कायम कर जान शुरू कर दिया।

Saraswati Vidya Mandir CBSE Sr. Sec. School,
Sanjeet Marg, Mandsaur

CONTACT NO.- 9479316360,7869000301,9425922001

REQUIREMENT FOR TEACHERS

| Post | Qualification | Subject | Salary |
|---|---|---|---|
| PGT | Post Graduate+B.Ed/M.Ed/M.Phil | Physics<br>Chemistry | Starting salary 20000 to ........ |
| TGT | Graduate/Post Graduate+B.Ed/ B.P.Ed. | English<br>Hindi<br>Maths<br>Science<br>Social Science<br>Computer<br>Sanskrit<br>Sports<br>Counselor | Starting salary 15000 to ........ |
| PRT | Graduate+B.Ed/DL.Ed/Montersori | English<br>Hindi<br>Science<br>Music<br>Dance<br>English Spoken<br>So. Science<br>Receptionist<br>Computer Teacher<br>Sports | Starting salary 10000 to ........ |
| Transport Manager | Experience in transportation. (Male Candidates Only) | | Starting Salary 10000 to..... |
| Lab Technician, Computer Operator | B.Sc, B.Ed, B.E | Physics , Chemistry<br>ATL, Language lab,<br>Computer lab | |
| Realtionship+ Media Manager | MBA in Media management, Experience in Media | | |
| Peon, Sweeper, Guard Driver /Conductor (women/Men) | Qualification- 8th/12th<br>Experience must | | As Per Terms & Condition |

1- No Limit of Salary for Experienced and devoted teachers
2. Application Form will be available at svm cbse Office for teacher in Rs.200/- only.
3. Other city candidates can submit application form with DD/online in favour of Saraswati Vidya Mandir, Mandsaur. Axis Bank a/c 913020044143399 IFSC utib0000645
4. Last Date of submission of form is 05 March 2024.
5. Selection will be done on the Basis of Written Exam, Demo & Interview.
6. PF, ESIC, Residential and other Facilities are available.
7. Admission open for Class Nur. Onwords

Office Time- 8.30 a.m to 3.00 p.m

Pramod Arvandekar
Secretary



# चीतों का नया घर देखने आ रहे एक्सपर्ट

## गांधी सागर में चीतों के लिए लगेगी आधुनिक केयर यूनिट

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांधी सागर में चीतों को बसाने की प्रक्रिया अंतिम दौर पर है। चीता प्रोजेक्ट से जुड़ें अधिकारियों के मुताबिक वन्यजीव विशेषज्ञों सहित एक दक्षिण अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य की स्थितियों का आंकलन करने के लिए फरवरी में ही दौरा करने आ रहा है। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही चीते भी यहां दौड़ते नजर आएंगे। इसके अलावा आधुनिक केयर यूनिट भी यहां चीतों के लिए बनाई जाएगी।

### 65 लाख खर्च करने का लक्ष्य...

प्रदेश के वनों पर 1390 करोड़ रुपए खर्च करने की कैम्पा योजना को राज्य स्तरीय समिति ने हाल ही में हरी झंडी दी थी। इसमें चीतों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पहली आधुनिक केयर यूनिट बनाने के प्रस्ताव को भी शामिल किया गया है। इस पर 65 लाख रुपए खर्च करने का लक्ष्य है। यह यूनिट गांधीसागर अभयारण्य में बनाई जाएगी।

### 368 वर्ग किमी में फैला है चीतों का दूसरा घर 'गांधी सागर'...

जानकारी के मुताबिक गांधी सागर को चीतों के लिए वन्यजीव अभयारण्य तैयार करने का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। गांधी सागर कूनो से लगभग छह घंटे की दूरी पर है। यह 368 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और इसके आसपास 2,500 वर्ग किलोमीटर का अतिरिक्त क्षेत्र है। यह मध्यप्रदेश के मंदसौर-नीमच जिले के साथ ही राजस्थान के चित्तौड़ व कोटा जिले में भी फैला हुआ है।

### ये चीते भी होंगे गांधी सागर में शिफ्ट...

प्रोजेक्ट टाइगर के तहत पहली बार आठ चीते सितंबर 2022 में नामीबिया से भारत लाए गए थे। वहीं 12 चीते फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए थे। पर्यावरण मंत्रालय में अतिरिक्त वन महानिदेशक एसपी यादव से मिली जानकारी के मुताबिक पहले ये तय था कि दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों को गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में लाया जाएगा।

### 30 करोड़ की लागत से बना चीतों का घर...

मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य में चीतों के 67 वर्ग किमी में बाड़ा बनाने का काम पूरे जोर-शोर से जारी है। सबकुछ अच्छा रहा तो जल्द ही गांधी सागर अभयारण्य में चीते दौड़ते नजर आएंगे। चंबल नदी के एक छोर पर यह बाड़ा बनाया गया है। यहां 12 हजार 500 गड्ढे खोदकर हर तीन मीटर की दूरी पर लोहे के पाइप लगाए हैं। इन पिलर पर तार फेंसिंग के साथ लोहे से 28 किलोमीटर लंबी और 10 फीट उंची दीवार बनाई गई है। इस दीवार पर सोलर तार लगाए जा रहे हैं। ये तार सोलर बिजली से कनेक्ट रहेंगे। ऐसे में यदि कोई भी चीता बाउंड्री वॉल को लांघने की कोशिश करता है तो उसे करंट का झटका लगेगा। बता दें कि गांधीसागर वन अभयारण्य में 28 किलोमीटर लंबे बाड़े की जाली लगाने में करीब 17 करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक की लागत आई है। वन क्षेत्र में कैमरे भी लगाए गए हैं। इस नए घर को बसाने और चीता प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए इस पर 30 करोड़ रुपए का खर्च किया गया हैं।



# मंदसौर इंडियन के कप्तान मयंक रावत ने लगाया शतक

## क्रिक स्पार्टन के आयुष जामवाल ने भी खेली कप्तानी पारी, दोनों रहे मैन ऑफ द मैच, तीसरे दिन मंदसौर इंडियन एवं क्रिक स्पार्टन रहे विजेता

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित वात्सल्य प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन बल्लेबाजों ने रनों की झड़ी लगा दी। बल्ले के आगे गेंद खास कुछ नहीं कर पाई। तीसरे दिन आयोजित लीग मैचों में मंदसौर इंडियन एवं क्रिक स्पार्टन ने जीत दर्ज कराई। टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल आर.जे. पर हो रहा है जहां भी दर्शक मैचों का लुफ्त दे रहे है।

तीसरे दिन पहला लीग मैच राज राइडर्स व मंदसौर इंडियन के बीच खेला गया जिसमें पहले खेलते हुए राज राइडर्स ने निर्धारित 15 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 160 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें अजय रोहेरा ने 38 गेंद पर 61 रन (10 चौके), अर्थव जोशी ने 26 गेंद पर 44 रन (1 चौका, 4 छक्के), अंकुश त्यागी ने 22 गेंद पर 30 रन (3 चौके व 1 छक्का) बनाये। मंदसौर इंडियन के गेंदबाज मयंक रावत ही सफल रहे उन्होंने 2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंदसौर इंडियन ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 11.5 ओवर में 3 विकेट खोकर 164 रन बनाकर टारगेट चेस कर लिया। जिसमें कप्तान मयंक रावत ने 38 गेंद पर 112 की शतकीय पारी खेली और अपनी टीम को जीता ले गये। उन्होंने 14 चौके व 8 छक्के जड़े। इकाश डोगल ने 15 गेंद पर 25 रन की पारी खेली उन्होंने 6 आकाशीय छक्के लगाये। राज राइडर्स के अंकित कुशवाह 2 विकेट व मोहित राठी ने 1 विकेट लिया। कप्तान मयंक रावत मैन ऑफ द मैच दिया गया। मंदसौर इंडियन ने 7 विकेट से मैच जीता।

दूसरा लीग मैच क्रिक स्पार्टन एवं सफल वॉरियर्स के बीच हुआ। जिसमें क्रिक स्पार्टन ने 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 143 रन का स्कोर खड़ा किया। कप्तान आयुष जामवाल ने 29 बाल 62 रन बनाये जिसमें 9 चौके व तीन छक्के शामिल थे। शरद लुम्बा ने 18 बॉल पर 23 रन (3 चौके 1 छक्का) व शाहबाज खान ने 18 बॉल पर 22 रन (2 चौका 1 छक्का) बनाये। सफल वारियर्स गेंदबाज सुबोध भाटी ने 3 विकेट व सौरभ धारीवाल ने 2 विकेट लिये। जवाब में सफल वारियर्स 14.2 ओवर में 125 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जिसमें अश्विन दास ने 16 बाल में 37 रन (3 चौके, 3 छक्के), सौरभ धारीवाल ने 10 बाल में 18 रन (1 चौका 1 छक्का), वेदांत गनेड़ीवाल वं विजन पांचाल ने 15-15 रन बनाये। क्रिक स्पार्टन के बालर शाहबाज खान ने 3 विकेट, आयुष जामवाल व प्रहलाद यादव ने 2-2 विकेट लिये। क्रिक स्पार्टन 18 रन से विजय हुआ। कप्तान आयुष जामवाल मैन ऑफ द मैच रहे।

# तेलिया तालाब पर गंदगी करने वालों पर दण्ड का प्रावधान हो

## गायत्री परिवार ने तेलिया तालाब पर श्रमदान कर सफाई की, पौधे भी लगाए



**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार व वर्क सामाजिक संगठन द्वारा हर सप्ताह चलाये जाने वाले स्वच्छता अभियान के अंतर्गत इस बार प्रात: 9 से दोप. 12 बजे तक तेलिया तालाब पर श्रमदान किया। तेलिया तालाब पर गंदगी पाई गई। वहां गाजर घास उगी थी साथ ही देखा गया कि तेलिया तालाब आने वाले वहां पर नाश्ता करते है तथा पोलीथीन तथा झूठन वहीं पर छोड़कर चले जाते है। वहां पर दो ही डस्टबिन लगे हुए है वहां 5-6 डस्टबीन अलग-अलग क्षेत्र में लगा देने से वहां आने वाले व्यक्ति पाउच, पोलीथीन, खाली पानी की बोतले इत्यादि कचरा उन डस्टबिनों में डाल दे और कचरा कम हो। इस ओर गायत्री परिवार द्वारा पूर्व में भी ध्यानाकर्षण किया था। साथ ही वहां कचरा करने वालों पर दण्ड का प्रावधान किया जाये ताकि चालान के डर से लोग गंदगी नहीं करे। जब तक सख्ती नहीं बरती जाएगी तब तक लोग गंदगी करने से नहीं रूकेंगे।

इस अवसर पर श्रमदानी हर्ष शर्मा ने कहा कि प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर सफाई अभियान को गति देना चाहिये। जिससे अपने नगर के पर्यटन स्थल साफ व स्वच्छ रह सके। बी.एल. चौहान ने कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिये। एक सफाई कर्मी कब तक सफाई करेगा जब वहां गंदगी करने वाले हजारों होंगे। हर व्यक्ति अपना फर्ज निभाये और खुद गंदगी न करे और दूसरों को भी करने से रोके। फिरोज हुसैन ने कहा कि गंदगी से ही बीमारी आती है और सार्वजनिक स्थान पर ही गंदगी अधिक देखने को मिलती है। गायत्री परिवार के साथ सफाई अभियान से जुड़कर नगर को स्वच्छ बनायेंगे और जल स्त्रोंतो को साफ सुथरा रखेंगे। रमेश सोनी ने कहा कि मैं 10 से यहां पर पौधे लगा रहा हूँ तथा उनकी देखरेख भी करता हूँ। मेरे द्वारा यहां 40 पेड लगाये गये है उनको नियमित पानी देने का कार्य करता हूँ। आज गायत्री परिवार के श्रमदानियों ने स्वच्छता अभियान के दौरान घास की कटाई की गई और सुंदर बनाया गया। इस अवसर पर फिरोज हुसैन, जाफर हुसैन मंसूरी, शाहीद शाह, उजेर हुसैन मंसूरी, अभिषेक तिवारी, हर्ष शर्मा, रमेश सोनी, योगेशसिंह सोम, से.नि. सहकोषालय अधिकारी बी.एल. चौहान, दिनेश खत्री, समाजसेवी राजेश मण्डवारिया, संजय शर्मा, दिनेश पोरवाल ने श्रमदान में सहभागिता की।

### अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे...

# सैनिक रामनारायण मालवीय का किया सम्मान, सांसद रहे उपस्थित



**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देशभक्ति व राष्ट्र सेवा को समर्पित जिले के टांकेडा गांव के सैनिक रामनारायण मालवीय भारतीय सेना में 19 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होकर लोटे। मंदसौर शहर आगमन पर उनका जगह-जगह स्वागत सम्मान हुआ। अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर द्वारा सांसद सुधीर गुप्ता की उपस्थिति में सेवानिवृत्त सैनिक रामनारायण मालवीय का श्रीफल व पुष्पमाला व संगठन की कैप पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदसौर के सभी समाजसेवी संगठनों ने भी सैनिक के स्वागत सम्मान में हिस्सा लिया।

सैनिक के स्वागत में सम्मान यात्रा भारत माता चौराहा से सरदार वल्लभभाई पटेल, उधम सिंह चौराहा होते हुए अंबेडकर चौराहा पहुंची जहां माल्यार्पण करने के पश्चात् वहां से दलोदा प्रगति चौराहा होते हुए जुलूस श्री मालवीय के गांव टांकेड़ा पहुंचा। गांव व आसपास के क्षेत्र में भी सैनिक का भव्य स्वागत हुआ। मंदसौर में आयोजित सम्मान समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला ने कहा कि पूरे देश भर में मंदसौर जिला ही है मात्र एक ऐसा जिला है जहां की सभी सामाजिक संगठन जिले के नागरिक मिलकर सैनिक का स्वागत सम्मान करते हैं अभी तक करीब 500 सैनिकों का स्वागत सम्मान हमने किया है। यह बहुत ही गर्व की बात है और सिर्फ स्वागत सम्मान ही नहीं हम सैनिक के हर दुख तकलीफ में भी साथ खड़े रहते हैं। वहीं पूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने कहा कि सैनिक आर एन मालवीय अपनी 19 वर्ष देश सेवा पूर्ण करके लौटे हैं। 19 वर्ष किसी वनवास से कम नहीं है घर की समस्याओं का निवारण परिवार की दुख तकलीफ के साथ ही साथ देश के विभिन्न सीमाओं पर देश की रक्षा की है हमें गर्व है ऐसे सैनिक पर। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, अ.भा.पूर्व सैनिक सेवा परिषद मंदसौर के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, संगठन के मार्गदर्शन एस आर जांगीड, जितेंद्र माली, दिलीप सिंह सिसोदिया, दलौदा तहसील प्रभारी संतोष राव, प्रहलाद राठौड़, राजेश निलोतसे, शाकिर अहमद, रामनारायण गुर्जर, बंशीलाल पाटीदार, कमल सिंह चंद्रावत, शंकर धाकड़, मुकेश डांगी, देवीलाल धनगर, घनश्याम शिकारी, घनश्याम चौहान, एन एल मालवीय, अर्जुन डांगी, दशरथ डांगी सहित बड़ी संख्या में सैनिक, पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# पीजी कॉलेज में पीएचडी मौखिक परीक्षा सम्पन्न

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अन्तर्गत शोध प्रकोष्ठ में विगत दिवस एक



पी.एच-डी शोध प्रबंध की शोध संक्षेपिका की मौखिक परीक्षा आयोजित की गई। मौखिक परीक्षा के विषय विशेषज्ञ एवं शोध विषय संबंधी मार्गदर्शक प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा की अध्यक्षता में तथा वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं शोध निर्देशक डा. बी.आर. नलवाया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। शोधार्थी श्री नवीन कुमार बिठोरे ने अपने शोध प्रबंध की शोध संक्षेपिका के बारे में सदन को अवगत कराया एवं विशेषज्ञों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया एवं साथ ही विषय विशेषज्ञों ने सुधार हेतु सुझाव भी दिये। इस अवसर पर वाणिज्य के प्राध्यापकगण डॉ.अशोक अग्रवाल, डॉ. आर.के. वर्मा, प्रो. कविश पाटीदार, डॉ. प्रियंका जैन, डॉ. रजत जैन और अन्य उज्जैन से आये शोधार्थी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में मौखिकी परीक्षा सम्पन्न हुई है।



# शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभ दिलाये-जैन

## कलेक्टर ई-जनसुनवाई में मनासा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से हुए रूबरू

**नीमच, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई करते हुए वीडियो कॉंफ्रेंसिंग के माध्यनम से ई-जनसुनवाई में मनासा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरलाई, जन्नौद, हतुनिया एवं दुधलई के ग्रामीणों से संवाद कर, उनकी समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ई-जनसुनवाई में मनासा क्षेत्र की पॉच ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिवों एवं ग्रामीणों से रूबरू होते हुए बताया, कि राजस्व सेवा अभियान प्रचलित है, इसके तहत प्रत्येक ग्राम में शिविर लागये जा रहे है। इनमें फौती नामांतरण, बंटवारा, आबादी घोषित, नक्क्षा, तरमीन, आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। नगरीय क्षेत्रों में शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्माान कार्ड शिविर लगाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्ट्रर ने कहा, कि बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ हो गई है। छात्र-छात्राए निश्चित एवं निर्भिक होकर परीक्षा दें। कलेक्टर श्री जैन ने बरलाई के सरपंच एवं ग्रामीणों की समस्याकएं सुनी। उन्होरने उज्ज्वला योजना की जानकारी देते हुए कहा कि शेष रहे लोगों को सूचीबद्ध कर, संबंधित गैस एजेन्सी को जमा कर योजना का लाभ दिलवाये। उन्होने लाडली बहना, पीएम किसान सम्मान योजना, फसल गिरदावरी की जानकारी भी प्राप्ते की। सरपंच द्वारा किचन शेड एवं स्कूल क्षतिग्रस्त होने की समस्यार पर कलेक्टर ने प्रस्त्व बनाकर ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम पालडा के ग्रामीणों द्वारा नलजल योजना के कार्य से सीसी रोड क्षतिग्रस्त पर उसे दुरस्त करवाने, कु.रक्षा गुर्जर ने दुर्घटना में भाई की मृत्युस हो जाने पर सबंल योजना का लाभ दिलाने, श्रीमती भावना सूर्यवंशी ने समग्र आई में नाम दर्ज करने, सोनू शर्मा ने नामांतरण करवाने, पालडा के सरपंच द्वारा सामुदायिक भवन बनवाने एवं पेयजल की समस्या हल करवाने संबंधी समस्याएं बताई। इस पर कलेक्टर श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों को उक्त समस्यांओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। ई जनसुनवाई में जन्न्द के ग्रामीणों ने उनके गॉव को रामपुरा सोसायटी से पृथक करने और गॉव में खाद का गौदाम निर्माण करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के क्षेत्रिय प्रबंधक को रामपुरा सोसायटी में अधिक गॉव शामिल होने से किसानों को असुविधा होने पर सोसायटी का परिसीमन कर, जन्नौद व आसपास के गॉवों को मिलाकर पृथक से सोसायटी गठित कर प्रांरम्भ करवाने के निर्देश दिए। जन्नौद के ग्रामीणो ने गॉव सुदूर सडक निर्माण करवाने की भी मांग की।

## वृद्धजन समाज की रीढ़ हैं-डा. शर्मा

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिवार में वात्सल्य धाम वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार समय समय पर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करता रहा है। प्राचार्य डॉ शर्मा ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की रीढ़ हैं, उनके आशीर्वाद से ही जीवन में प्रगति एवम उन्नति संभव है। उनके अनुभव का प्रकाश हमारे जीवन को प्रकाशमान करता है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय परिवार ने प्रबंधन समिति से चर्चा कर आवश्यक वस्तुओं की सूची प्राप्त की तथा वात्सल्य धाम में वृद्धजनों से भेंट कर उन्हें मेडिसिन, ग्लव्स, डायपर्स, वस्त्र, दीवार घड़ियां, टॉर्च एवम खाद्य सामग्री प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एल एन शर्मा के मार्गदर्शन में संस्था ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया। महाविद्यालय परिवार से डॉ आर एस सोनी, श्रीमती सोनी, डॉ विनिता कुलश्रेष्ठ, डॉ वीणा सिंह, डॉ प्रेरणा मित्रा, प्रो खुशबू मंडावरा, प्रो शिवानी जाट, प्रो सचिन शर्मा, प्रो अपर्णा द्विवेदी, प्रो मोनिका तोमर आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# जोगीखेड़ा में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ फाइनल

**जोगीखेड़ा, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव जोगीखेड़ा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में 16 टीमों द्वारा मैच को खेला गया था जिसका फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया फाइनल मैच के कड़े मुकाबले में दुधिया की टीम ने जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया है सिखेड़ी नई आबादी और दुधिया के बीच खेले गए फाइनल मैच में सिखेड़ी नई आबादी की टीम के कप्तान पिंकेश भाटी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया गया और निर्धारित 12 ओवरों में 128 रन का स्कोर खड़ा किया गया जिसके जवाब में उतरी दुधिया की टीम ने 10 ओवर में ही 129 रन का लक्ष्य पूरा करते हुए फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया और दुधिया की टीम ने बहुत शानदार जीत दर्ज कर फाइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबला शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय जिला कांग्रेस सचिव राजकुमार धनगर पत्रकार, सरपंच गजराजसिंह चावड़ा, हरिसिंह चावड़ा, पत्रकार लक्की धनगर, वॉलीबॉल टीम के कप्तान देवीलाल धनगर, जवाहरलाल पडियार, कमल



राव, दशरथ पडियार, सुनील भाटी, कारुलाल पडियार, बंटी पडियार, दीपक सेन, ने प्राप्त किया। क्रिकेट आयोजन की सफल एंपायरीग मंगलदास पडियार व बंटी पडियार ने की। जोगीखेड़ा क्रिकेट आयोजन समिति ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया श्र विजेता टीम दुधिया को पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी और 9001 हजार रुपए दिए गए जबकि उपविजेता टीम को रु 5001 हजार की राशि और ट्रॉफी दी गई और जोगीखेड़ा टीम के कप्तान प्रेमचंद पडियार, उपकप्तान मंगलदास पडियार के द्वारा अतिथियों धन्यवाद दिया गया वहीं टूर्नामेंट संपन्न होने पर अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी खेल भावना की तारीफ की उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उसे प्रतिभा को निखर कर सामने लाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे साथी आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करने की बात कही वही टूर्नामेंट के आयोजन में समिति के साथ ही क्षेत्राचल के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों तथा खेल प्रेमियों ने उत्साह के साथ अपना सहयोग प्रदान करते हुए टूर्नामेंट को सफल बनाया गया।

# नीमच में सरेआम गोली बारी से यह सिद्ध हुआ कि मंदसौर संसदीय क्षेत्र पुन: अपराधियों के निशाने पर

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष डा. तोमर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को सख्त कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखा

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संसदीय क्षेत्र में एक बार पुन: अपराधियों के



आगमन की आहट शुरू हो गई है। नीमच में शराब कारोबारी एवं समाजसेवी अशोक अरोरा के ऊपर हुए जानलेवा हमले से यह बात प्रमाणित हुई है। नीमच में सरेआम दिन दहाड़े हुए इस हमले ने हमारे सुरक्षा तंत्र पर कई सवालिया निशान खड़े किए है। इसके पूर्व मन्दसौर के भाऊगढ थाना क्षेत्र में एक रेलवे इंजीनियर की हत्या अन्य कई जगह इस तरीके की घटनाएं आए दिन हो रही है जो चिंता का विषय है। जिम्मेदार अधिकारियों को व जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों को चाहिए कि आपराधिक कृत्य करने वालों पर कठोर व सख्त कार्रवाई की जाए ताकि इन घटनाओं की पुनरावृत्ति मंदसौर संसदीय क्षेत्र में ना हो। इस आशय की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री से एक पत्र लिखकर मन्दसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने की है।

डॉ तोमर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों र्से मन्दसौर संसदीय क्षेत्र अपराधिक गतिविधियों को चलाने वाले लोगों का अड्डा बनता जा रहा है और पिछले वर्षों में हुई कई हत्याएं इसका प्रमाण है। समय रहते कोई ठोस कार्य योजना बनाकर कार्यवाही नहीं की गई तो कोई बड़ी अप्रिय घटनाएं पुन: हो सकती है। डॉ तोमर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त व कठोर कार्यवाही मांग की है।

# कलेक्टर ने किया बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

## सुचारू एवं सुव्यवस्थित परीक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**नीमच, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने माध्यमिक शिक्षा मण्ड ल की कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी 2024 से प्रारम्भ हुई बोर्ड की परीक्षा के नीमच शहर में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर, सुचारू व सुव्यवस्थित परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश भी दिए।

कलेक्ट्रर श्री जैन ने सोमवार को सीएम राईज स्कूल, शा.कन्यां उ.मा.वि.नीमच केन्ट, नूतन स्कल नीमच, शा.बा.उ.मा.वि.क्रमांक-2 नीमच, उत्कृष्ट विद्यालय नीमच एवं श्री मूलचंद चौधरी शासकीय हाईस्कूल बघाना तथा शा.क.उ.मा.वि. नीमच सिटी का निरीक्षण कर, कक्षा 10वी की बोर्ड परीक्षा का जायजा लिया। कलेक्टर ने सभी परीक्षा केन्द्र प्रभारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए, कि बोर्ड परीक्षा के पेपर की गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दें और सुव्यवस्थित सुचारू परीक्षा का संचालन हो। परीक्षा केन्द्र परिसर में कोई भी छात्र, अभिभावक या अन्य कोई व्यक्तिं मोबाईल के साथ प्रवेश ना करें, यह सुनिश्चित किया जाए। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा कक्ष में पेयजल व प्रकाश की अच्छी व्यवस्था हो। साथ ही परीक्षार्थियों के बैठने के लिए परीक्षा कक्ष में फर्नीचर की पर्याप्त व्यवस्था हो। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, तहसीलदार श्री प्रेमशंकर पटेल, श्री संजय मालवीय भी उपस्थित थे।

**जिले में प्रथम दिन शांति पूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा, दसवीं के हिन्दी के प्रश्न पत्र की परीक्षा में शामिल हुए 8871 परीक्षार्थी**-माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा (हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी) 5 फरवरी 2024 से आयोजित होकर कर नीमच जिले के सभी 40 परीक्षा केन्द्रो पर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 का प्रथम प्रश्न पत्र हिन्दी का प्रारम्भ हुआ। जिसमें जिले के समस्त हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10वीं के जिले के कुल 9171 परीक्षार्थियों में से 8871 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 300 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर प्रात: 7.00 बजे से ही सम्पूर्ण प्रशासन अर्लट था। जिले में कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशन में बनाये गये निरीक्षण दल के दल प्रमुखों द्वारा समस्त 40 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। स्वयं कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद द्वारा संवेदनशील व अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। तीनों अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीमच डॉ.ममता खेडे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनासा श्री पवन बारिया तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद श्री राजकुमार हलदर ने भी अपने अनुविभाग क्षेत्रान्तर्गत परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। समस्त तहसीलदारों ने अपने तहसील अन्तर्गत आने वाले परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा, सहायक संचालक श्री एस.एम.मांगरिया, सहायक संचालक श्री मनोज जैन व एडीपीसी श्री प्रलय उपाध्याय ने भी दूरस्थ परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त तीनों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतीपूर्ण तरीके से संचालित हुई तथा कोई नकल प्रकरण नहीं बना।

### **** सफलता की कहानी ****

# किसान सुनील पॉलीहाउस से कर रहे हैं सब्जियों का बंपर उत्पादन

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले की भानपुरा तहसील के रहने वाले श्री सुनील पिता गोविंद राम बंबोरिया पॉलीहाउस के माध्यम से खेती-



बाड़ी करते हैं। ये गरीब परिवार से है तथा अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय में आते हैं। इनकी आर्थिक व्यवस्था का मुख्य आधार सिर्फ खेती-बाड़ी ही है। किसान सुनील कहते हैं कि पॉलीहाउस के माध्यम से मैंने सब्जियों की खेती शुरू की है और इस वजह से में अब बंपर उत्पादन कर रहा हूं। मुझे उद्यानिकी विभाग के माध्यम से सब्सिडी पर पॉली हाउस मिला है और मैंने पॉलीहाउस की खेती शुरू की है। पॉली हाउस से पहले जब में खेती करता था, तो उत्पादन कब निकलता था। कीड़ों का प्रकोप होता था। बिन मौसम बरसात की वजह से फसलें खराब हो जाया करती थी। कुल मिलाकर फसल में नुकसान बहुत होता था और आय बहुत कम मिलती थी। जब से मैंने पॉली हाउस से खेती शुरू की है, तब से उत्पादन बढ़ गया है। तरह-तरह की सब्जी का उत्पादन में करता हूं और उस वजह से मुझे अच्छी खासी आय प्राप्त हो जाती है। मैं सब्जियों में टमाटर, खीरा, मिर्ची, मेथी, पालक तरह-तरह की सब्जियां का उत्पादन करता हूं और इनको थोक भाव में बाजार में बेच देता हूं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 3058 | 2050 | 2259 |
| उड़द | 5 | 4501 | 7299 |
| सोयाबीन | 2936 | 3501 | 4601 |
| गैहु | 2134 | 2300 | 3126 |
| चना | 39 | 4899 | 6191 |
| मसुर | 158 | 5001 | 5898 |
| धनिया | 911 | 3501 | 6799 |
| लहसुन | 13550 | 10000 | 27020 |
| मैथी | 319 | 4857 | 6653 |
| अलसी | 1261 | 4501 | 4940 |
| सरसो | 2714 | 4040 | 4888 |
| तारामीरा | 4 | 4550 | 4550 |
| इसबगोल | 2 | 14800 | 15143 |
| प्याज | 1144 | 501 | 1391 |
| कलोंजी | 9 | 14200 | 16799 |
| डॉलर | 9 | 5769 | 14700 |
| तिल्ली | 0000 | 00000 | 00000 |
| मटरसुखी | 4 | 3500 | 4331 |
| असालीया | 549 | 6199 | 9100 |





# वैलेंटाइन-डे व बसंत पंचमी 19 साल बाद साथ-साथ

## अबूझ मुहूर्त में शहनाई भी बजेगी

**मंदसौर, 5 फरवरी 4 गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को वसंत पंचमी व वैलेंटाइन-डे करीब 19 साल बाद साथ-साथ आ रहे हैं। इसके पहले दोनों पर्व 2005 में एक साथ आए थे।उस समय वसंत पंचमी 13 फरवरी की थी। इस वर्ष वसंत पंचमी विभिन्न योग में मनेगी। अबूझ मुहूर्त में शहनाई भी बजेगी। वैलेंटाइन-डे पर दोस्ती को प्रगाढ़ बनाएंगे।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस वर्ष वसंत पंचमी बुधादित्य लक्ष्मीनारायण स्नेह योग के साथ ही गज केसरी योग में मनेगी। शहर को सुव्यवस्थित ढंग से विकसित करने की नींव राजा रतन सिंह ने अबूझ मुहूर्त बसंत पंचमी के दिन थावरिया बाजार में रखी थी। इस साल वसंत पंचमी पर मकर राशि में सूर्य- बुध ग्रह से बुधादित्य, बुध -शुक्र ग्रह से लक्ष्मीनारायण व शुक्र -मंगल ग्रह से स्नेह योग बन रहा है। इसके साथ ही वसंत पंचमी पर सुबह 10.43 बजे बाद से चंद्र ग्रह का मेष राशि स्थित गुरु ग्रह के साथ होने से गज केसरी योग भी बनेगा। इन योगों में ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा करने से विद्यार्थियों को ज्ञान प्राप्ति में मन लगेगा। वसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त माना गया है। इस दिन शादी के लिए किसी प्रकार के मुहूर्त देखने की आवश्यकता नही होती है।

### बहुतायत में होंगे सामूहिक विवाह...

वसंत पंचमी पर समाजों में सामूहिक विवाह का जोर रहेगा। इस मौके पर समाजजन फिजूल खर्ची को रोकने व गरीब परिवार के बच्चों की शादी कम खर्च पर हो जाए। इस उद्देश्य को लेकर ऐसे आयोजन बड़ी संख्या में होते हैं।
दोस्ती को बनाए प्रगाढ...

दोस्ती और प्रेम के लिए कोई भाषा, जाति, आयु अथवा किसी देश की सीमाओं का बंधन नहीं होता है। आज के कम्प्यूटर युग में फेसबुक का उपयोग बच्चे से लेकर बूढे तक कर रहे हैं। दोस्ती



के लिए कोई रिश्ता रुकावट नहीं डालता है। चाहे बहू अपनी सास को और ससूर अपनी बहू को फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर एक दूसरे के दोस्त बन जाते हैं। इसलिए कहते है कि दोस्ती में बंधन नहीं होता है। हर साल 14 फरवरी को वैलेन्टाइन डे के रूप में मनाने की विदेशी परम्परा भारत में भी शुरू हो गई है।

# सरकारी जमीन पर चली प्रशासन की जेसीबी

## 53 करोड़ की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

**सुवासरा, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के चर्चित 102 प्लॉट वाली करोड़ों की शासकीय जमीन पर राजस्व विभाग ने सोमवार को सुबह 6 बजे बुल्डोजर कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया। सोमवार को नगरवासियों की नींद बस स्टैंड क्षेत्र में चल रही पांच जेसीबी मशीनों की कार्यवाही से खुल गई। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले राजस्व विभाग ने पुलिस बल और नगर परिषद के अमले के साथ मिलकर सर्वे न. 918/1/2 की शासकीय जमीन पर बने पिल्लरो को जमींदोज कर दिया। प्रशासन की अलसुबह हुई इस कार्यवाही की भनक किसी को नही लगी। जैसे जैसे उजाला होता गया शहर जागता गया तब तक प्रशासन ने अपना काम पूरा कर दिया। सुबह 6 बजे शुरू हुई अतिक्रमण हटाओ मुहिम 9 बजे तक चली। तीन घंटे की इस कार्यवाही में सीतामऊ एस डी एम शिवानी गर्ग, तहसीलदार मोहित सिनम, सी एम ओ संजय सिंह राठौर, पटवारी शुभम जैन, थाना प्रभारी रामुंडा कटारा, निरीक्षक शिवांशु मालवीय सहित चार थाना क्षेत्रों का पुलिस बल मौजूद था।

प्रशासन की इस कार्यवाही पर 102 प्लॉट पर अपना अधिकार जताने वाले मोहनलाल जैन ने कहा की 65 साल पहले शासन ने नगर के 102 लोगो को मुनादी के द्वारा पट्टे वितरित किए थे जिसका राजस्व विभाग में हस्तलिखित रिकॉर्ड दर्ज है। राजस्व विभाग को सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाए गए। उसके बाद भी हमे भूमाफिया बताकर कार्यवाही कर दी। हम सभी इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। राजस्व विभाग के अनुसार 102 प्लॉट वाली शासकीय जमीन पर अपना अधिकार जताने वाले शासन को पर्याप्त दस्तावेज और जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाए। इसलिए शासन ने वैधानिक कार्यवाही की।

**यह है पूरा मामला**–नगर के बस स्टैंड क्षेत्र एवं मीणा मोहल्ले के समीप स्थित भूमि सर्वे नंबर 918/918/111 के पट्टो की नीलामी नम्बर-1958 में हुई थी। इस नीलामी में 102 लोगों को पट्टो का वितरण किया गया था। वितरित हुए इन पट्टो का कब्जा पट्टाधारियों को नही मिल पाया है। मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी पट्टाधारियों के हक में फैसला दिया था। इसके बाद भी शासन- प्रशासन इन्हें पट्टे नहीं दिलवा पाया। 65 साल से न्याय के लिए शासन- प्रशासन के कार्यालयों में दर-दर भटक रहे इन 102 पट्टाधारियों को शासन ने सोमवार को बेदखल कर दिया।

***ये कहते है जिम्मेदार***

बस स्टैंड को शासकीय जमीन को भूमाफियाओं से मुक्त करवाया है। ये लोग वहां दुकानें बनाने के प्रयास में थे। इन्हे नोटिस भी जारी किया था। पिछले छ: माह से मेरी कोर्ट में अतिक्रमण का मामला चल रहा था। नवंबर में 15 दिन में अतिक्रमण हटाने का भी नोटिस जारी किया था। जनवरी में अंतिम नोटिस दिया था। लेकिन 102 पट्टाधारियो द्वारा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाए गए। केवल मौखिक जानकारी दी गई जिसके बाद हमने वैधानिक कार्यवाही की।

**मोहित सिनम**
**प्रभारी तहसीलदार सुवासरा**

## अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

**पिपलियामंडी, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। काचरिया देव निवासी शिवमंगल पिता प्रभुलाल बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि वह इलाज कराने मल्हारगढ़ सरकारी अस्पताल आया था। इस दौरान बाहर खड़ी मेरी बाइक (एमपी 14 एमके 5250) अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया।

## कलेक्टर द्वारा दो शस्त्र लायसेंस निलम्बित

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा आयुद्ध अधिनियम 1959 की धारा 17(3) ख के तहत बंगला नम्बर 43 सीआरपीएफ रोड नीमच निवासी शस्त्र लायसेंसी राकेश पिता कश्मीरी लाल अरोरा एवं शस्त्र लायसेंसी जगदीश पिता कश्मीरी लाल अरोरा के शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिए गये है। उक्त लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस एवं दर्ज शस्त्र तत्काल पुलिस थाना नीमच केंट में जमा करवाने के निर्देश भी दिए गए है।

# हिंदू समाज सेवी अशोक अरोरा पर हुए हमले के मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**नीमच, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू समाज सेवी अशोक अरोरा पर हुए हमले के मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया को ज्ञापन सोपा । इस संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला मंत्री कैलाश मालवीय ने बताया कि बीते कई समय से देखने में आ रहा है कि मंदसौर और नीमच की राजस्थान सीमा से सटे हुए प्रतापगढ़ व अन्य क्षेत्रों के लाला पठान गुंडो बदमाश हिस्ट्रीशीटरो द्वारा लगातार हिंदू समाज के समाजसेवियों पर हमले कर उन्हें आतंकित करने का प्रयास किया जा रहा है।

ताजा मामला नीमच के हिंदू समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर का है जिन्होंने हिंदू समाज धार्मिक स्थल श्री भादवा माता और श्री किलेश्वर मंदिर में बढ़-चढ़कर वित्तीय सहयोग किया और समय-समय पर हिंदू सामाजिक गतिविधियों में सहयोग करते रहते हैं।

अशोक अरोरा पर बीते 4 फरवरी 2023 रविवार की शाम को कायराना हमला किया गया, घटना में अब तक पुलिस जांच से तथ्य सामने आया कि बाबू फकीर नामक मुस्लिम गुंडा इस घटना में शामिल था जो की मारा गया। उक्त आरोपी बाबू फकीर प्रतापगढ़ क्षेत्र के लाल पठानों के इशारों पर काम करता था जानकारी अनुसार उक्त आरोपी ने अब तक 6 हत्याएं की जिसमें से 5 हिंदू समाज जन थे । इससे पूर्व भी नीमच मंदसौर अंचल के स्वर्ण व्यवसाई अजय सोनी पर हमला कर घायल और अनिल सोनी को इन्हीं मुस्लिम गुंडो द्वारा हमला कर हत्या कर दी थी । बीते लंबे समय से इन मुस्लिम गुंडो का आतंक लगातार जारी है । अत: श्रीमान श्री निवेदन है कि इन लाला पठान मुस्लिम गुंडो का आतंक खत्म करने का अभियान चलाने का आदेश पुलिस को दें । साथ ही अशोक



अरोरा पर हुए हमले के मामले में जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करें, अन्यथा विश्व हिंदू परिषद को उग्र रूप अपनाने के लिए सड़क पर उतरना पड़ेगा । ज्ञापन सोंपने के दौरान विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला, जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, जिला मंत्री कैलाश मालवीय, जिला बालोपासना प्रमुख दिलीप ग्वाला, नगर सह मंत्री सुनील चौहान पवन कुंगर, पुष्कर सिंह चौहान, रवि गोयल, मनीष सोनी, गोपाल मेहरा, श्रीपाल बघेरवाल, अविनाश जाजपुरा, छत्रपाल सिंह सिसोदिया, अरविंद रावत, गौतम बैरागी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे ।



# पौन क्विंटल डोडाचूरा जप्त, एक गिरफ्तार, एक की तलाश

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने 75 किलो डोडाचूरा जब्त किया है। ढाबे पर तलाशी के दौरान पुलिस को तीन कट्टो में यह डोडाचूरा मिला। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि, एक अन्य की तलाश है।

मल्हारगढ़ पुलिस ने बताया कि सूठोद के पास स्थित न्यू खालसा ढाबा पर डोडाचूरा होने की सूचना मिली। मुखबीर सूचना पर से उनि साजिद मंसुरी मय टीम द्वारा उक्त ढाबे पर कार्यवाही कर तलाशी ली गई। काउंटर के पास रखे 03 काले कट्टो में भरा कुल 75.030 किग्रा डोडाचुरा मिला। मामले में आरोपी पवन पिता रणवीर सिंह सौनगरा उम्र 22 वर्ष निवासी बैलारा थाना पिपलिया मंडी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी द्वारा बताया गया की उक्त डौडाचुरा ढाबा मालिक जसपाल सिंह पिता भंवर सिंह झाला निवासी काचरिया नौ ने लाकर रखा था । जिसके बाद जसपाल के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# प्रतिष्ठित समाजसेवी अशोक गंगानगर पर हुए प्राणघातक हमले को लेकर भाजपा अजा मोर्चा ने सौपा ज्ञापन

**नीमच, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मालवा मेवाड़ के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं कारोबारी अशोक गंगानगर पर रविवार की शाम 4.30 बजे शहर के मुख्य चौराहे लायंस पार्क के समीप हुए प्राणघातक हमले को लेकर सोमवार को



भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि गोयल के नेत्रत्व में जिला पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर अशोक गंगानगर के हमलावरो की शिनाख्त कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि अशोक अरोरा पर हुआ प्राणघातक हमला नींदनिय है, नीमच जिले की शांत फिजा में जहर घोलने वालो को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। अशोक अरोरा नीमच ही नही बल्कि मालवा-मेवाड़ में प्रतिष्ठित समाजसेवी है। जब शहर में प्रतिष्ठित व्यक्ति पर ही खुलेआम बीच बाजार ऐसा घटनाक्रम कारीत किया जा सकता है तो आम जनता कहां तक सुरक्षित है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि समाजसेवी अशोक गंगानगर पर किए गए जानलेवा हमले से संबंधित घटनाक्रम में जल्द से जल्द पर्दाफाश कर घटना के पीछे छिपे आरोपियों की शिनाख्त कर उन्हे गिरफ्तार करने की मांग भाजपा अजा मोर्चा ने की है।

उक्त ज्ञापन सौंपते समय भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि गोयल, जिला महामंत्री पुष्कर सिंह चौहार, करण नकवाल, तुलसीराम सिकलीगर, अमन यादव, राहुल यादव, लोकेश सगर, चंदन बनौधा, मोंटू सलोना सहित अन्य मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में जानकारी अजा मोर्चा के मीडिया प्रभारी अरूण यादव ने दी।

# दुकानें चालू करने की मांग को लेकर नगर परिषद् गेट के बाहर धरने पर बैठे मटन, चिकन व मछली विक्रेता

**पिपलियामंडी, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मटन, चिकन व मछली विक्रेताओं ने बन्द पड़ी दुकानों को चालू करवाने की मांग को लेकर सोमवार को नगर परिषद् गेट के बाहर 4 घंटे तक धरना दिया। बाद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद जैन ने 2 दिन में समस्या के निरकारण का भरोसा दिया।

विक्रेताओं ने एक लिखित आवेदन भी सीएमओ को दिया, जिसमें बताया कि हमारी दुकानें नगर परिषद्, पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों व टीम ने पहुंचकर 16 जनवरी 2024 को बन्द कर सील लगवा दी थी। उस दिन के बाद से ही हमारी समस्त दुकानें बन्द है, हमारे सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, परिवार का पालन-पोषण करना भारी पड़ रहा है। हमने दुकानें खोलने के लिए मंदसौर कलेक्टर व एसपी, मल्हारगढ़ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व राजस्व को भी आवेदन दिए, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नही हो रही है। पिपलिया चौपाटी पर अभी भी मटन, चिकन व मछली की दुकानें चल रही है, उन पर कोई कार्रवाई नही हुई, न हि सील की गई। केवल नियम हमारे उपर ही लागू क्यों किया जा रहा है। चौपाटी पर केवल एक दुकान को ही सील किया गया था तो दूसरी दुकानों को सील क्यों नही किया ? नगर परिषद् में भी हम कई बार आवेदन देने आए व दुकानें खोलने के लिए अनुरोध किया, लेकिन नगर परिषद् में भी हमें जगह देखने के लिए आश्वासन दिया जा रहा है। और हमसे पूछा जाता है कि आपके नजर में कोई जगह हो तो बताओ। हमारी दुकानें शासन के निर्देशानुसार, नियमानुसार खोलने के लिए तैयार है। हमें दुकानें खोलने के लिए अनुमति दी जाए व पूर्वानुसार हमारी दुकानों को यथावत चालू की जाए, अन्यथा मजबूरन हमें नगर परिषद् के सामने भूख हड़ताल पर बैठना पड़ेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी व शासन, प्रशासन की होगी। सीमएओ ने विक्रेताओं को 2 दिन के भीतर समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विक्रेता जहुर कुरेशी, आमिर कुरेशी, नासिर कुरेशी, रईस कुरेशी, महेश सेजवार, मोहन पेरुलिया, सरफराज शेख, साबिर कुरेशी, यास्मीन बी, रमजानी कुरेशी आदि उपस्थित थे।

# सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें-जैन

**नीमच, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जाये। यह निर्देश कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति दिनेश जैन ने सोमवार को कलेक्टर सभागृह में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में दिये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिये, कि जिला अधिकारी प्रत्येक बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार कर उसका पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वय से कार्य करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ ही टीकाकरण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पादित करें। कलेक्टर ने परिवार कल्याण अंतर्गत नसबंदी शिविर की सघनता को बढाकर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये ।

बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा में निर्देश दिये, कि इस कार्यक्रम के तहत आयुष चिक्तिसकों द्वारा किये जाने वाले गावं भ्रमण के पूर्व इसका गांव में व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे तथा इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी सम्मिलित करे। जिससे आमजनों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि ह्दय रोग के चिहिन्त बच्चों को अतिशीघ्र उपचार प्रदान करें। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जिस शहरी क्षैत्र में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने शेष है वहां आमामी सप्ताह मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वय कर शिविर आयोजित करे तथा शत प्रतिशत पात्र हितग्राहीयों के आयुष्मान कार्ड बनाए। मिजल्स रूबेला अभियान की समीक्षा कर सभी बच्चों को टीकाकरण करने के निर्देश दिये गये। बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.एस.एस. बघेल, सिविल सर्जन डा.महेन्द्र पाटील, संयुक्त कलेक्टर राजेश शाह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा.आर.के.खजात जिला कार्यक्रम प्रबंधक अर्चना राठौड, कार्यक्रम अधिकारी श्री टी.सी.मेहरा , डब्ल्यु.एच.ओ. केएस.एम.ओ. डा.रितेश बजाज, विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## मिक्स मार्शियल आर्ट्स में 100 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया

**मंदसौर, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नारी शक्ति आत्मरक्षा हेतू के ब्लॉक के सभी स्कूलों में बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जारा है जिसमे गाँव-दमदम में मिडिल स्कूल की लगभग 100 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। मिक्स मार्शियल आर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष विनय दुबेला के मार्गदर्शन मे कोच नितिराजसिंह चौहान ने प्रशिक्षण जया सिसोदिया द्वारा दिया गया।

# मध्य प्रदेश में 8 फरवरी के बाद फिर होंगे ट्रांसफर

## मुख्य सचिव वीरा राणा को सेवावृद्धि दिलाने की तैयारी

**भोपाल, 5 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य सचिव वीरा राणा 31 मार्च को सेवानिवृत्त होंगी। मार्च में ही लोकसभा चुनाव की घोषणा भी प्रस्तावित है। इसे देखते उन्हें सेवावृद्धि दिलाने की तैयारी है। दरअसल, सरकार नहीं चाहती है कि चुनाव के समय मुख्य सचिव की नियुक्ति की गेंद चुनाव आयोग के पाले में जाए, इसलिए पहले ही प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाएगा ताकि चुनाव की घोषणा से सेवावृद्धि प्रभावित न हो। उधर, आठ फरवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के तबादलों पर लगी रोक भी हट जाएगी। इसके बाद फिर आइएएस अधिकारियों के तबादले होंगे।

सूत्रों के अनुसार सरकार मुख्य सचिव को अभी काम करने का और मौका देना चाहती है। विधानसभा चुनाव के समय इकबाल सिंह बैंस की सेवावृद्धि की दूसरी अवधि भी पूरी हो रही थी। इसे देखते हुए सरकार ने तीसरी बार सेवावृद्धि देने के स्थान पर प्रदेश में उपलब्ध सबसे वरिष्ठ अधिकारी वीरा राणाको चुनाव आयोग की सहमति से मुख्य सचिव पद का प्रभार दिया। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने उन्हें पूर्णकालिक मुख्य सचिव बनाया। इसी बीच केंद्र सरकार ने 1988 बैच के ही आइएएस अधिकारी संजय बंदोपाध्याय की सेवाएं मध्य प्रदेश को लौटा दीं। सरकार ने उन्हें कर्मचारी चयन मंडल का अध्यक्ष बनाकर एक प्रकार से यह संदेश देने का काम किया कि वे मुख्य सचिव की दौड़ से बाहर है। दावेदारों में एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी विनोद कुमार को भी शुक्रवार को प्रशासन अकादमी को महानिदेशक बनाकर मंत्रालय से बाहर कर दिया। इन सभी कदमों से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार वीरा राणा को सेवावृद्धि दिलाएगी। इसके लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा और फिर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया जाएगा। वैसे भी वारा को इस पद पर काम करने का कम ही समय मिला है, इस आधार पर उन्हें सेवावृद्धि दी जा सकती है।

**आठ फरवरी के बाद आइएएस और राप्रसे अधिकारियों के होंगे तबादले**–आठ फरवरी को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार की जा रही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इसके साथ ही कलेक्टर सहित मतदाता सूची के काम में संलग्न अधिकारियों के तबादले पर रोक भी हट जाएगी। इसके बाद आइएएस और राज्य प्रशासनिक सेवा राप्रसे के अधिकारियों के तबादले होंगे। इसमें कलेक्टर, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल हैं। वहीं, गृह विभाग द्वारा आइपीएस के साथ-साथ राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के तबादले होंगे।


## दीपक बड़सोलिया एडवोकेट

कार्यालय-कोर्ट परिसर, मन्दसौर (मप्र) मो.न. 8319382255

दिनाक 05.02.2024

### ✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻

सर्व साधारण को मेरे व्यवहारी मोनिका पिता स्व. भारत जी बाछड़ा निवासी ग्राम बाग्या तहसील व जिला मंदसौर से प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि

1. यह कि ग्राम बाग्या तहसील व जिला मंदसौर में भूमि सर्वे कमांक 435 रकबा 0.5000 स्थित है। उक्त कृषि भूमि राजस्व रेकॉर्ड में मेरे व्यवहारी के नाम से दर्ज चली आ रही है तथा उक्त कृषि भूमि पर मौके पर एक पक्का मकान 100 वर्गफिट जिसमें 5 कमरे, एक हाल, लेटबाथ व खाली पोर्शन है। उक्त मकान का एकमात्र स्वामी भी मेरी पक्षकारा है। उक्त कृषि भूमि मेरी पक्षकारा की पैतृक संपत्ति होकर शासन द्वारा प्राप्त हुई है जो अहस्तांतरणीय है।

2. यह कि मेरी पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि गुडडीबाई नामक महिला उक्त कृषि भूमि व मकान को अवैध रूप से विक्रय या अन्यथा अंतरण में देना चाहती है जिसका कि उक्त गुडडी या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई अधिकार नहीं है। उक्त कृषि भूमि व मकान पर एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्य मेरी पक्षकारा का है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त गुडडीबाई नामक महिला या अन्य किसी भी व्यक्ति से उक्त कृषि भूमि व मकान को किसी भी प्रकार से अतरण में नही लेवे, क्रय नहीं करे, लीज आदि पर नही लेवे न ही किसी भी प्रकार का अनुबंध करे। अन्यथा उसके द्वारा किया गया ऐसा सव्यवहार मेरी पक्षकारा के स्वत्व के मुकाबले शून्य होगा तथा वह व्यर्थ के विवाद में पड़ेगा।

भवदीय
दीपक बड़सोलिया, एडवोकेट



## न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.)

प्रकरण के 415/बी-121/2023-24
ईश्यु नंबर.../रीडर-2/2023
मल्हारगढ़, दिनांक.... फरवरी, 2024

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल
जवाहर नगर रतलाम म.प्र. --- आवेदक
विरूद्ध
मध्य प्रदेश शासन---अनावेदक

### ✻✻ सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति ✻✻

सर्वसाधारण एवं जनता ग्राम सिंदपन तहसील मल्हारगढ़ को यह सूचित किया जाता है, कि आवेदक मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मण्डल जवाहर नगर रतलाम मध्यप्रदेश के द्वारा तहसील मल्हारगढ़ के द्वारा ग्राम सिंदपन 786/4 रकबा 36.79 हेक्टर में से रकबा 10.00 हेक्टर शासकीय भूमि आवासीय योजना निर्माण हेतु आबंटन किये जाने की मांग की गई है।

अत: मौजा सिंदपन की भूमि सर्वे क्रमांक 786/4 रकबा 36.79 हेक्टर भूमि में रकबा 10.00 हेक्टर भूमि आवासीय योजना निर्माण हेतु आवंटन किये जाने के विषय में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो यह इस विज्ञप्ति के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अथवा प्रकरण में नियत पेशी दिनांक /02/2024 को स्वयं अथवा किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के उपरान्त प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। सर्व संबंधित सूचित हो।

आज दिनांक /02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उक्त विज्ञप्ति जारी की गई।

नायब तहसीलदार
तहसील मल्हारगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित । (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है । इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in